# 3

# रमज़ान



**पाठ-प्रवेश**

त्योहार हमेशा खुशियाँ लेकर आते हैं। इनमें रिश्तेदार तथा मित्र सभी मिलकर खुशियाँ मनाते हैं। ठीक इसी प्रकार से रमज़ान महीने की पवित्रतापूर्ण तपस्या के बाद ईद-उल-फ़ितर का त्योहार अपने सगे-संबंधियों के साथ खुशियाँ मनाने का अवसर लेकर आता है।

रमज़ान का महीना दुनिया भर के मुसलमानों के लिए **पवित्र** एवं **उल्लास** का प्रतीक है। यह महीना व्यक्ति को आने वाले 11 महीनों के लिए आत्म-नियंत्रण तथा अनुशासन सिखाता है। यह इस्लामी कैलेंडर का नौवाँ महीना है, जो चाँद की स्थिति के आधार पर 29 या 30 दिन का होता है। रमज़ान के महीने में सहरी (Sehri) से इफ़्तार (Iftar) तक **रोज़ा** रखा जाता है। सूर्योदय से पहले के भोजन को 'सहरी' तथा सूर्यास्त के समय के भोजन को 'इफ़्तार' कहते हैं। सभी मुसलमान इस समय तपस्या और नियम का जीवन जीते हैं। बच्चे, वृद्ध, बीमार अथवा किसी यात्रा पर रहने वाले व्यक्ति को रोज़ा न रखने की छूट है, अन्यथा सभी वयस्कों को रोज़ा रखना **अनिवार्य** होता है।




रमज़ान में इस्लाम की **बुनियादी पाबंदियों** का पालन किया जाता है। इस दौरान रात के समय पढ़ी जाने वाली **नमाज़** 'ऐशा' (एषा) का महत्व और

भी बढ़ जाता है। इस महीने में व्यक्ति को **आत्मानुशासन** में रहना चाहिए। यह भी मान्यता है कि रमज़ान के महीने में जन्नत (स्वर्ग) के दरवाज़े खुल जाते हैं और दोज़ख़ (नरक) के दरवाज़े बंद हो जाते हैं।

रमज़ान के दौरान 'लैल्त-अल-क़द्र' की रात सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। कुरान में कहा गया है कि यह रात हज़ार महीनों की इबादत से बेहतर होती है। ऐसा विश्वास है कि यह रात रमज़ान के आखिरी दस दिनों की **विषम** रातों में, यानी 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं या 29वीं रात को होती है।

रमज़ान के अंत में विशेष **उत्सव** मनाया जाता है। रात को चाँद के दिखाई देने पर 'शव्वाल' की पहली तारीख को ईद या ईद-उल-फ़ितर का त्योहार मनाया जाता है।



ईद-उल-फ़ितर का अर्थ है–एक ऐसा दान-पर्व, जिसमें खुशियाँ बाँटी जाती हैं। यह प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। इस त्योहार का महत्व तब और भी बढ़ जाता है, जब **सामर्थ्यवान** लोग आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्ग के लोगों को दान देते हैं।

इस्लाम धर्म में दान देना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ज़कात यानी अपनी आय का एक निश्चित भाग दान करना अनिवार्य है। रमज़ान के महीने में स्वेच्छा से दान किया जाना चाहिए।

ईद के दिन सभी ईदगाह जाकर नमाज़ अदा करते हैं। अपने परिवार के सदस्यों तथा मित्रों से गले



मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इस मौके पर मीठे पकवान आदि बनाते हैं तथा दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मिल-बाँटकर खाते हैं। बच्चे इस मौके

पर विशेष रूप से उत्साहित होते हैं। वे नए-नए कपड़े पहनते हैं। सभी मिलकर स्वादिष्ट पकवान खाते हैं। घर के बड़े उन्हें 'ईदी' देते हैं, जिससे वे और भी खुश हो जाते हैं। इस प्रकार, एक महीना रोज़े रखने के बाद खुशियाँ मनाई जाती हैं।

कई इस्लामिक देशों में रमज़ान के महीने में **सार्वजनिक** स्थानों पर रोशनी की जाती है। मसजिदों, घरों, शॉपिंग मॉल, व्यापार केंद्रों आदि स्थानों को विशेष रूप से सजाया जाता है।



सच ये है कि, पूरा महीना तपस्या करने के बाद ही ईद की खुशियाँ मनाई जाती है।

*–विभागीय*

## क्या सीखा

- *रमज़ान का महत्व*
- *मिलकर खुशियाँ मनाना*

## शब्दार्थ Word Meaning



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **पवित्र** | – शुद्ध | pious | **नमाज़** | – प्रार्थना | prayer |
| **उल्लास** | – हर्ष | delight | **आत्मानुशासन** | – स्वयं से नियम पालन करना | self-discipline |
| **रोज़ा** | – उपवास | fast | | | |
| **अनिवार्य** | – अत्यावश्यक | compulsory | **विषम** | – असंगत | odd |
| **बुनियादी** | – मूल रूप से | basic | **उत्सव** | – पर्व | festival |
| **पाबंदी** | – नियमों, वचनों आदि को मानने के लिए बाध्य | restriction | **सामर्थ्यवान** | – क्षमता रखने वाला | capable |
| | | | **सार्वजनिक** | – सबसे संबंधित | public, common |

# अभ्यास Exercise

लब्धि वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मक, बौद्धिक, रच...

## बात पाठ की

### मुख से

इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Oral Skills

Answer these questions.

(क) मुसलमान किस महीने को पवित्र और उल्लास का प्रतीक मानते हैं?

(ख) रमज़ान में भोर तथा सूर्यास्त के समय के भोजन को क्या कहा जाता है?

(ग) ईद-उल-फ़ितर का त्योहार कब मनाया जाता है?

### कलम से

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। Writing Skills

Write answers to these questions.

(क) रमज़ान में रोज़ा रखने की क्या विधि है?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(ख) 'लैल्त-अल-क़द्र' की रात क्यों महत्वपूर्ण होती है?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(ग) ईद के अवसर पर बच्चे क्या-क्या करते हैं?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

CamScanner

(घ) इस्लाम में दान देने का क्या महत्व है? दान को क्या कहा जाता है?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

2. **निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कीजिए।**

Complete the following sentences.

**बीमार, महत्वपूर्ण, आत्मानुशासन, उत्सव, इफ़्तार**

(क) ...................... व्यक्ति को रोज़ा न रखने की छूट है।

(ख) रमज़ान के अंत में विशेष ...................... मनाया जाता है।

(ग) सूर्यास्त के समय के भोजन को ...................... कहते हैं।

(घ) लैल्त-अल-क़द्र की रात सबसे ...................... मानी जाती है।

(ङ) रमज़ान में व्यक्ति को ...................... में रहना चाहिए।



Dictation

3. **श्रुतलेख**

कैलेंडर उत्सव सामर्थ्यवान प्रतीकात्मक



## पाठ से आगे

Analytical Skills

1. गरीबों की मदद किस प्रकार की जा सकती है?
2. 'दान देने से धन घटता नहीं, बल्कि खुशहाली आती है।' अपने विचार लिखिए।



## बात भाषा की

Language Skills

Synonym

1. **शब्दों को उनके सही अर्थों से मिलाइए।**

Match the words with their right meaning.

(क) उल्लास — i. पर्व

(ख) पवित्र — ii. वस्त्र

(ग) त्योहार — iii. प्रार्थना

(घ) कपड़ा — iv. पावन

(ङ) नमाज़ — v. हर्ष







CamScanner

2. **विलोम शब्द लिखिए।** **Antonym**

Write antonyms.

(क) गरीब × .................... (ख) स्वर्ग × ....................

(ग) वृद्ध × .................... (घ) मित्र × ....................

(ङ) जीवन × .................... (च) नया × ....................

3. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।** **Various meanings**

Write two different meanings of the words.

(क) दृष्टि – .................... ....................

(ख) पर – .................... ....................

(ग) पाठ – .................... ....................

(घ) कर – .................... ....................

4. **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए।** **Noun**

Underline the nouns in the following sentences.

(क) रमज़ान का महीना दुनिया भर के मुसलमानों के लिए पवित्र एवं उल्लास का प्रतीक है।

(ख) इस्लाम धर्म में दान देना महत्वपूर्ण माना जाता है।

(ग) 'शव्वाल' की पहली तारीख को ईद का त्योहार मनाया जाता है।

(घ) ईद के दिन सभी ईदगाह जाकर नमाज़ अदा करते हैं।

(ङ) ज़कात यानी अपनी आय का एक निश्चित भाग दान करना अनिवार्य है।

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पद चुनकर लिखिए।** **Verb**

Choose and write the verbs from the following sentences.

(क) रमज़ान में पूरे माह रोज़ा रखा जाता है। ....................

(ख) रमज़ान के महीने में जन्नत (स्वर्ग) के दरवाज़े खुल जाते हैं। ....................

(ग) आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्ग के लोगों को दान दिया जाता है। ....................

(घ) लोग अपने घर पर मीठे पकवान बनाते हैं। ....................

(ङ) सभी मिलकर स्वादिष्ट पकवान खाते हैं। ....................



CamScanner


## रचनात्मक अभिव्यक्ति Creative Expression

### बात मन की

1. रमज़ान की किस बात से आप सबसे अधिक प्रभावित हुए? कक्षा में चर्चा कीजिए।
2. 'संयुक्त अरब अमीरात में रमज़ान के अवसर पर सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है।' इसके विषय में पुस्तकालय या इंटरनेट से अधिकतम जानकारी प्राप्त करके लिखिए।

### हँसते-गाते

इस चित्र को देखकर आपके मन में जो भाव आते हैं, उन्हें लिखिए।



.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

CamScanner